8

Title: Starting Express Train for Patna and Delhi via Supaul.

श्री दिलेश्वर कामैत (सुपौल) : महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र सुपौल (बिहार) में 86 वर्षों के बाद कोसी नदी पर रेल पुल पर परिचालन प्रारंभ हुआ है। किंतु दो वर्षों से कोसी नदी पर रेल पुल पर परिचालन होने के बाद भी जो सुपौल जिला है, वहां के निवासियों को पटना (बिहार की राजधानी) और दिल्ली (देश की राजधानी) तक जाने का सौभाग्य प्राप्त नहीं हुआ है। आज तक उस क्षेत्र के लिए कोई भी एक्सप्रेस ट्रेन नहीं दी गई है। महोदय, मैं माननीय रेल मंत्री जी से यह मांग करता हूं कि सुपौल जिले से होते हुए कम से कम एक एक्सप्रेस ट्रेन पटना और एक एक्सप्रेस ट्रेन दिल्ली के लिए दी जाए। इसके साथ ही रेलगाड़ी संख्या 13205/13206 तथा 12554/12553 को वाया सुपौल-सरायगढ़-दरभंगा होते हुए पटना-दिल्ली के लिए परिचालित किया जाए। इंटरसिटी ट्रेन नंबर 13331/13332 जो सहरसा तक जाती है, उसका विस्तार फारबिसगंज वाया सुपौल-सरायगढ़ होते हुए किया जाए।